षोडश बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-05 शुक्रवार, दिनांक- 15 फरवरी, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.08 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी घटना में शहीद जवानों के प्रति श्रद्धांजलि

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्न शब्दो में श्रद्धांजलि अर्पित की गई । उन्होंने कहा कि कल दिनांक 14 फरवरी, 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों के हमले में सी०आर०पी०एफ० के 40 से अधिक जवान शहीद हो गये । इन जवानों में बिहार के भी दो सपूत शहीद हो गये । हम सभी इस लोमहर्षक घटना से मर्माहत हैं । यह सभा इस कायराना हमले की कठोरतम शब्दों में भर्त्सना करती है और हमले में शहीद सभी जवानों के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है । यह हमला सी०आर०पी०एफ० के जवानों पर नहीं बल्कि देश की अखण्डता एवं एकजुटता पर हमला है । ऐसे राष्ट्रीय आपदा के समय में यह सदन एवं सम्पूर्ण बिहारवासी एकजुटता एवं दृढ़ता से राष्ट्रीय भावना के साथ हैं एवं आशा करते हें कि राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु दी गई इन शहीदों की आहूति व्यर्थ नहीं जायेगी ।

हम सभी सदस्यगण शहीद जवानों के शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और ईश्वर से उन्हें इस दारूण दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं ।

तत्पश्चात् सभी माननीय सदस्यगण एक मिनट तक मौन खड़े होकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की ।

तत्पश्चात् दिवंगत शहीदों के सम्मान में सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 अपराह्न से 05.05 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम का वर्ष 2012-13 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन के पटल पर रखा गया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[3] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लेखानुदान संबंधी प्रस्ताव पर विचार-विमर्श तथा मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लेखानुदान का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा लेखानुदान के प्रस्ताव पर संशोधन का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

लेखानुदान के मूल प्रस्ताव पर विचार-विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री बशिष्ठ सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्रीमती डा० रंजू गीता ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(iii) श्री केदार प्रसाद गुप्ता
(iv) श्री उमेश सिंह कुशवाहा
(v) श्री अनिल सिंह
(vi) श्री ललन पासवान
(vii) श्री विद्या सागर निषाद
(viii) श्रीमती बेबी कुमारी
(ix) श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय
(x) श्री मनोज कुमार
(xi) श्री रत्नेश सादा

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा विचार-विमर्श पर सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

तदोपरान्त् वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लेखानुदान संबंधी मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[4] **विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :-**
बिहार विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2019

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

बिहार विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2019 सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[5] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 46 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-18 फरवरी, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15.02.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।